हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 22 जून 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

10 खतरे के बीच बैठकर शिक्षा ग्रहण करेंगे छात्र



12 लोगों की स्वस्फूर्त भागीदारी से दिखी योग की बढ़ती लोकप्रियता



## खबर संक्षेप

### जिला निषाद समाज की बैठक आज

**धमतरी।** जिला निषाद समाज की बैठक 22 जून को दोपहर 12 बजे अंगरमोती परिक्षेत्र भवन दानीटोला धमतरी में रखी गई है। बैठक में आगामी चुनाव हेतु मतदाता सूची तैयार करने पर चर्चा की जायेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से नंदकुमार निषाद, तीरथ निषाद और संतोषी निषाद उपस्थित रहेंगे। निषाद समाज परखंदा परिक्षेत्र और जवरगांव अंगारमोती परिक्षेत्र के प्रकरणों का निपटारा किया जायेगा। यह जानकारी जिला महासचिव नारायणलाल निषाद ने दी है।

### टीईटी-पीपीटी की प्रवेश परीक्षा 23 को

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा रविवार 23 जून को धमतरी शहर में टीईटी की प्रवेश परीक्षा दो पाली में होगी। प्रथम पॉली प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक 18 केन्द्रों में कुल 5587 परीक्षार्थी शामिल होंगे जो कक्षा पहली से पांचवी तक अध्यापन के लिए एवं व्दितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 से संध्या 4:45 बजे तक 31 केन्द्रों में कुल 9220 परीक्षार्थी शामिल होंगे जो कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षा के अध्यापन के लिए आयोजित होगी। इसी प्रकार 23 जून को ही 5 केन्द्रों में पीपीटी की परीक्षा प्रातः 9 से 12:15 बजे तक आयोजित होगी जिसमें 1049 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### छग धीवर समाज का वार्षिक सम्मेलन 23 को

**पुरी।** छग धीवर समाज परगना कंडेल का वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जून रविवार को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता बसंत तारक संरक्षक धीवर समाज रायपुर परगना करेंगे। विशिष्ट अतिथि मोतीराम हिरवानी पूर्व अध्यक्ष धीवर समाज आमदी परगना, संरक्षक कंडेल परगना भगवानदीन मच्छेंद्र, अध्यक्ष कंडेल परगना चोवालाल धीवर देवरी, सचिव कंडेल परगना केशवराम धीवर भोथा होंगे। यह जानकारी परगना पंच दीनदयाल मच्छेंद्र ने दी है।

### प्राकृतिक आपदा होने पर टोल फ्री नंबर पर करें संपर्क

**धमतरी।** प्रदेश में किसी आपदा में जनसमुदाय को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने टोल फ्री नंबर 1070 पर सूचित कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा सी-डेक, तिरूवनंतपुरम एवं राज्य सरकार के सहयोग से ईआरएसएस डॉयल 1070 आपदा प्रबंधन आपातकालीन नम्बर संचालित किया जा रहा है। जनसमुदाय द्वारा उक्त नम्बर पर बाढ़, अग्नि दुर्घटना, आकाशीय बिजली दुर्घटना, सर्पदंश आदि में सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

# युवाओं के प्रेरणास्त्रोत पद्मश्री आनंद कुमार ने दिए सफलता के चार मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेधावी विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम में सुपर 18 के संस्थापक एवं पद्मश्री आनंद कुमार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए छात्रों को 4 मंत्र दिए हैं। मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों सहित शिक्षकों ने आनंद कुमार से कई सवाल किये। उन्होंने सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासा शांत की।

सन 2019 को सुपर 30 फिल्म के रिलीज होने के बाद देशभर में हर साल 30 गरीब बच्चों को फर्श से अर्श तक पहुंचाने वाले गणितज्ञ आनंद कुमार ने छात्रों को पढ़ाई में सफलता के लिए 4 मंत्र दिए हैं। पहला- प्रबल प्रयास यानी दिन-रात खाते-पीते-सोते पढ़ने की प्यास होनी चाहिए। दूसरा-पॉजिटिव सोच, हमेशा सकारात्मक सोच रखें। जैसे एक रिक्शा चलाने वाले का बेटा भी बड़ी परीक्षा पास कर सकता है तो हम क्यों नहीं कर सकते। तीसरा- अथक प्रयास, सब एक्टीविटीज को छोड़कर हार्ड वर्क करना पड़ेगा। जब भी मौका मिले पढ़ते रहना है। चौथा मंत्र-धैर्य रखना, आगे कुछ समाधान नहीं दिख रहा है तो धैर्य बनाए रखें। दोस्तों से डिस्कशन करें। यू-ट्यूबर टीचरों से सलाह, जानकारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रात जितना अंधेरा रहती है सुबह उतना जल्द होती है।

**सवाल**-फिजिक्स, केमिस्ट्री में एक टाइम के बाद दिमाग काम नहीं करता। **जवाब**-लगातार प्रयास करते रहना चाहिए, ज्यादा मेहनत के बाद उससे ब्रेक लेना चाहिए फिर आगे बढ़ना चाहिए। सफलता जरूर मिलेगी। **सवाल**-आर्ट विषय चुनने वालों को अलग नजर से देखा जाता है। **जवाब**-आर्ट विषय पढ़कर ओपी चौधरी, गौरव कुमार, कुंदन सिंह ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। कोई विषय छोटा नहीं होता। **सवाल**-12वीं के बाद क्या करना चाहिए, समझ में नहीं आता। **जवाब**-10वीं, 12वीं के बाद हजारों आप्शन हैं। आर्ट, साईंस अलग-अलग विषय में अलग-अलग विकल्प हैं।

## सुपर 30 के संस्थापक ने छात्रों और शिक्षकों के विभिन्न सवालों के दिए जवाब

### छात्रों की जिज्ञासाओं को किया शांत

जिले भर से पहुंचे मेधावी छात्रों ने आनंद कुमार से कई प्रश्न पूछे। रामपुर शासकीय स्कूल की छात्रा निलिमा वैष्णव ने पूछा कि रैंक कम आने से मन में निराशा होती है। इस पर आनंद ने कहा कि एक परीक्षा खराब हो जाए, दूसरा इम्तिहान भी खराब हो जाए तो डरना नहीं चाहिए। जिन्दगी कई बार मौका देती है।





### शिक्षक के सवाल

शिक्षक दयाशंकर सिन्हा ने सवाल किया कि बच्चे सोशल मीडिया में ज्यादा समय देने के कारण पढ़ाई नहीं कर पाते। जवाब में आनंद ने कहा कि शिक्षक को हंसी-मजाक में, फनी वीडियो, सोशल वीडियो से कहानी में पढ़ाना होगा। इससे बच्चे को इंट्रेस्ट लगेगा। दोनों पक्षों में प्रयास होना चाहिए।

### विकसित भारत के लिए सभी को योगदान देने का किया आह्वान

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने का जरिया नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में सफल होने की कुंजी है। छात्र देश का भविष्य है। छात्र किस रूप में देश की सेवा करना चाहता है। इसका चुनाव कर अभी से उन्हें तैयारी शुरु कर देनी चाहिए। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही।

शिक्षा विभाग द्वारा मिशन अव्वल के तहत मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार विष्णुदेव साय इस प्रकार के सरकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। करीब 2 बजे उनका हेलीकाप्टर केंद्रीय विद्यालय में बने हेलीपैड में उतरा। इसके बाद वे सीधे कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि योग को वे जीवन में उतारें। अपने लिए कुछ समय जरूर निकाले। कार्यक्रम में मेरिट लिस्ट में आए छात्र आयुष सोनकर, अक्षत सिन्हा सहित अन्य मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया।

### खुद बने सक्षम, दूसरे को दे काम

श्री साय ने कहा कि शिक्षा सिर्फ नौकरी पाने का माध्यम नहीं है। हर क्षेत्र में सफलता के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण है। शिक्षित व्यक्ति खुद सक्षम बनकर दूसरों को काम दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का सपना देखा है। इसमें सभी को योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन अव्वल के तहत छात्रों की पढ़ाई में बेहतर काम हुआ है। जो छात्र अच्छे अंक से पास हुए हैं, उन्होंने कड़ी मेहनत की है।

कार्यक्रम के दौरान रामू रोहरा, प्रकाश बैस, विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, महापौर विजय देवांगन, जिपं अध्यक्ष कांति सोनवानी, रंजना डीपेंद्र साहू, श्रवण मरकाम, इंदर चोपड़ा, पिंकी शाह, डा.एनपी गुप्ता, हेमंत माला, नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, निरंजन सिन्हा, कलेक्टर नम्रता गांधी, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम विभोर अग्रवाल, जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले आदि उपस्थित थे।

### विद्या ज्ञान देती है, ज्ञान से विनम्रता आती है : रूपकुमारी

महासमुंद क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हमारे पूर्वज शिक्षा और संस्कार को महत्व देते थे। विद्या से ज्ञान मिलती है। ज्ञान से विनम्रता आती है। विनम्रता से पात्रता और धन संपदा की प्राप्ति होती है। हमें शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी ध्यान देना चाहिए। शिक्षा केवल रोजगार पाने के लिए हासिल नहीं करें बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए भी शिक्षा का उपयोग करें।

### शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी शुरुआत : अजय

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन में पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी शुरुआत हुई है। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती होनी है। इससे शिक्षा का स्तर सुधरेगा। छात्रों की शिक्षा मजबूत होगी तो प्रदेश की नींव भी मजबूत होगी। स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री की सोच है कि विकसित भारत बने। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण सहित अन्य दिशाओं में काम होना है।

# कभी सोचा नहीं था सरपंच भी बनूंगा : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि जीवन में सरपंच भी बन पाएंगे। भारतीय जनता पार्टी से इतना प्यार मिला कि तीन बार विधायक, चार बार सांसद और तीन बार पार्टी से प्रदेश अध्यक्ष बन गए।

मिशन अव्वल के तहत मेनोनाइट इंग्लिश स्कूलमें शिक्षा विभाग द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छात्रों से सीधे संवाद किया। सेजेस चर्रा की छात्रा बेदिका देवांगन ने पहला प्रश्न करते हुए मुख्यमंत्री से पूछा कि- सारे बच्चे शरारती होते हैं। क्या आपने बचपन में कभी शरारत की थी। शरारत के लिए कभी सजा या डांट खाई है। इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि उनकी उम्र 10 साल थी और वे चौथी कक्षा में थे, तभी उनके सिर से पिता का साया उठ गया। घर का बड़ा बेटा होने के कारण सभी जिम्मेदारी उन पर आ गई। मां, दादी, भाई के साथ खेती भी संभालनी पड़ी। पढ़ाई तो उन्होंने की लेकिन जिम्मेदारियों के चलते शरारत नहीं कर पाए। शुरु से उनका जीवन संघर्षमय था। कभी सोचा नहीं था कि वे गांव के सरपंच भी बन पाएंगे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के बाद उन्हें कार्यकर्ताओं का खूब प्यार मिला। उन्होंने कहा कि वे शरारत नहीं कर पाए, लेकिन बच्चों को शरारत करनी चाहिए।

एकलव्य विद्यालय की छात्रा सरिता सोरी के एक प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि शहर के स्कूलों में अच्छी और गांव के स्कूलों में कमजोर स्तर की पढ़ाई होने की बात से वे सहमत नहीं हैं, जहां शिक्षक अच्छे होते हैं वहां पढ़ाई भी अच्छी होती है। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं। शिवसिंह वर्मा स्कूल की छात्रा दीक्षा ने पूछा कि वह सिविल सर्विस के क्षेत्र में जाना चाहती है, इसके लिए उसे क्या करना चाहिए। जवाब देते हुए श्री साय ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए दो मूल मंत्र है- पहला दृढ़ इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत। अभी से लक्ष्य तैयार कर मेहनत शुरु कर देनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने छात्रों से किया सीधा संवाद



# मुख्यमंत्री से इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पॉलीटेक्निक कालेज को अपग्रेड कर इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने की मांग करते हुए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा। उन्होंने धमतरी के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगों को मुख्यमंत्री के सामने रखा।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकाप्टर केंद्रीय विद्यालय में उतरा। यहां पर मुख्यमंत्री से मिलकर हेमराज सोनी ने कई मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा। उन्होंने पॉलीटेक्निक कॉलेज को इंजीनियरिंग कॉलेज में अपग्रेड करने, रूद्री में श्रद्धालुओं के लिए बोटिंग की सुविधा, सौंदर्यीकरण, धमतरी में मेडिकल कालेज खोलने की मांग की। इसके अतिरिक्त महानदी को स्वच्छ रखने के लिए जल बोर्ड बनाने की मांग की।



# दुष्कर्म के आरोपी को भेजा गया जेल

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



**धमतरी।** शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक युवती से बनियापारा निवासी प्रवीण जैन ने शादी का झांसा देकर बीते वर्ष 28 सितंबर 2023 से 27 मार्च 2024 तक दुष्कर्म किया। पीड़िता के मना करने के बावजूद युवक जबरदस्ती संबंध बनाता था। शादी करने के लिए कहने पर युवक ने पीड़िता से गाली-गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रवीण जैन पिता मदनलाल उम्र 34 वर्ष बनियापारा निवासी के खिलाफ 376, 294, 506 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पीड़िता के मेडिकल परीक्षण व बयान के बाद आरोपी प्रवीण जैन को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### सतनामी समाज की बैठक 23 जून

**धमतरी।** सतनामी समाज जिला धमतरी की त्रैमासिक आमसभा 23 जून को दोपहर 12 बजे से गुरू बालकदास भवन जोधापुर में रखी गई है। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि बैठक में आय-व्यय, सामाजिक बायलाज, सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी।


### औसत वर्षा से पचास फीसदी कम बारिश

# कुकरेल में खूब बारिश, नगरी में पड़े छींटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरुवार रात को कुकरेल तहसील में खूब बारिश हुई है। वहीं नगरी तहसील में पानी के छींटे पड़े हैं। अक्सर मानसून आते ही जमकर बारिश होती है लेकिन इस बार मानसून की दमक फीकी रही। औसत वर्षा की तुलना में 1 जून से 21 जून तक 50 फीसदी बारिश नहीं हो पाई है।

भू -अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की रात कुकरेल तहसील में 52 मिमी बारिश होने का रिकार्ड दर्ज किया गया है। इससे लगे नगरी तहसील में पानी के छींटे पड़े हैं। नगरी में महज 1.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कुरूद में 12.3 मिमी, मगरलोड में 13.1, भखारा में 11.7, धमतरी में 8.1 तथा बेलरगांव में 7.5 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है।




### औसत से कम बारिश

पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा के अनुसार 21 जून तक जिले में 98.6 मिमी बारिश होने का रिकार्ड है। इस साल 21 जून तक 46.2 मिमी बारिश हो पाई है। इस वर्ष 1 जून से अब तक धमतरी में 17.1, कुरूद में 39, मगरलोड में 43.7, नगरी में 46.8, भखारा में 66.6, कुकरेल में 59 तथा बेलरगांव में 49.2 मिमी बारिश हो चुकी है।

### भारी वर्षा की चेतावनी

शुक्रवार को अनेक स्थानों पर हल्की से माध्यम वर्षा हुई है। शनिवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है। प्रदेश के एक दो-स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

### बारिश के लिए बना सिस्टम

मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण पश्चिम मानसून के पेंड्रा, कोरबा, रामगढ़ में आगे बढ़ने की जानकारी दी है। सेनोप्टिक सिस्टम में एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार पश्चिम बंगाल, मेघालय, असम होते हुए मणिपुर तक 0.9 किमी की उंचाई पर स्थित है। इसके अलावा तीन चक्रवाती परिसंचरण बने हुए हैं। बिहार और इससे सटे पूर्वी उत्तर प्रदेश के उपर 1.5 किमी पर, उड़ीसा के आंतरिक भाग के उपर 3.1 से 7.6 किमी के बीच स्थित है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण विदर्भ और इसके आसपास औसम समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी की उंचाई पर मौजूद है।

# ग्राहक तलाश कर पाने से पहले धरे गए बाइक चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ पुलिस ने किया दो आरोपियों को गिरफ्तार

चोरी की बाइक को बेचने बस स्टैंड में ग्राहक तलाश रहे दो बाइक चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक जब्त की गई है।


पुलिस के अनुसार स्थानीय डाकबंगला वार्ड बाम्बे गैरेज के पीछे 17 जून की रात्रि घर के सामने खड़ी बाइक की अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। दूसरे दिन घटना की जानकारी होने पर वाहन मालिक ने सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली व साइबर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। विवेचना के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा व तकनीकी साक्ष्य की मदद ली गई। वहीं मुखबिर को भी अलर्ट कर दिया गया।

इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से बसस्टैंड के आसपास दो युवकों द्वारा मोटरसाइकिल बेचने के लिए ग्राहक तलाशने की सूचना मिली। सूचना पर कोतवाली पेट्रोलिंग पार्टी को तत्काल बसस्टैंड रवाना किया गया। युवक ग्राहक तलाश कर पाते इससे पहले पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

पूछताछ में एक ने अपना नाम राजेंद्र बांधे व दूसरे ने रूपेंद्र कुमार बताया। दोनों ने पैसा कमाने के लिए प्लान बनाकर बाम्बे गैरेज के पीछे न्यू लक्ष्मीनगर से बाइक क्रमांक सीजी 24 एल 3405 को मास्टर चाबी से चालू कर चोरी करना बताया। पुलिस ने आरोपी राजेंद्र बांधे पिता प्रकाश उम्र 19 वर्ष विवेकानंद कालोनी अटल आवास निवासी व रूपेंद्र कुमार पिता रंजीत 21 वर्ष ग्राम जैसाकर्रा थाना चारामा निवासी वर्तमान निवास अटल आवास विवेकानंद कालोनी को धारा 379, 34 के तहत गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बाइक को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में पूर्व में चोरी का आपराधिक रिकार्ड दर्ज है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली व साइबर पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।





पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## प्राथमिक शाला सरईटोला भवन जर्जर, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# खतरे के बीच बैठकर शिक्षा ग्रहण करेंगे छात्र







**हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी**

नगरी ब्लाक के कई स्कूलों की हालत खराब है। बारिश में छत से पानी टपकता है। इस बार भी खतरे के बीच बैठकर छात्र शिक्षा ग्रहण करेंगे। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत प्रथम चरण में 66 भवन के लिए स्वीकृति मिली है जिसमें 50 भवन पूर्ण हुआ है। 16 भवन कार्य प्रगति पर है। प्रथम जीर्णोद्धार स्वीकृति 28 में 26 पूर्ण है। दो भवन को डिस्मेंटल किया जाना है। द्वितीय चरण पर अतिरिक्त कक्ष 53 पर रोक लगी हुई है। द्वितीय चरण में जीर्णोद्धार 62 भवन में 49 पूर्ण हुआ है 13 भवन कार्य प्रगति पर है। समग्र शिक्षा योजना के तहत 31 भवन में 30 भवन पूर्ण है। 1 भवन निरस्त किया गया।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बीके साहू ने बताया कि अतिजर्जर भवन से शासन को अवगत करा चुके हैं। पढ़ाई के लिए भवन योग्य नहीं है। जर्जर स्कूलों में क्लास नहीं लगाई जाएगी। अन्य वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। प्राथमिक शाला सराईटोला के बारे में बताया कि इस स्कूल के लिए 1 लाख राशि स्वीकृत हुई थी। ग्रामवासियों ने रिपेयरिंग नहीं कराने की बात कही है। ग्रामवासियों ने नए भवन की मांग की है जिसके चलते भवन की रिपेयरिंग नहीं की गई।

विकासखंड नगरी की ग्राम पंचायत गुहाननाला के आश्रित गांव शासकीय प्राथमिक शाला सरईटोला संकुल केंद्र दुगली अंतर्गत आता है। भवन का निर्माण सन 1995 में हुआ था। 29 वर्ष हो चुके हैं। छत का सरिया दिखाई दे रहा है। वहीं सरिया से सीमेंट अलग होकर गिरते रहता है। रिपेयरिंग कार्य आज तक नहीं किया गया है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्राम पंचायत गुहाननाला सरपंच घासीराम नेताम ने बताया कि उन्हें सरपंच बने करीब 4 साल हो गया है। वहीं स्कूल में बाउंड्रीवॉल एवं नए भवन के निर्माण, भवन की रिपेयरिंग के लिए मांग कर चुके हैं। इस वर्ष 1 लाख की राशि भवन रिपेयरिंग के लिए आई थी। उससे रिपेयरिंग नहीं की जा सकती है। ग्रामवासियों ने कहा कि शाला भवन 29 वर्ष हो चुका है। रिपेयरिंग करने पर कुछ दिन फिर खराब हो जायेगा। ग्रामवासी नए भवन की मांग को लेकर शासन-प्रशासन से कई बार आवेदन दे चुके हैं मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन

- कुण्डेल धौराभाठा मार्ग में जगह-जगह हो रहा रेत डंप

**हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड**



एनजीटी के नियमानुसार रेत घाटों से रेत के उत्खनन और परिवहन पर 15 जून से प्रतिबंध लग जाता है। यह प्रतिबंध अक्टूबर माह तक रहता है। इसके बावजूद उपतहसील करेली बड़ी और मगरलोड क्षेत्र के गांव में अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन जारी है। सबसे ज्यादा रात के अंधेरे में रेत का उत्खनन और परिवहन हो रहा है। कुण्डेल धौराभाठा मार्ग में जगह-जगह रेत डंप का खेल चल रहा है। यहां अवैध कारोबार थम नहीं रहा है। सफेदपोश नेताओं की धाक दिखाकर यहां अवैध रेत डंप जारी है। कुण्डेल, धौराभाठा के ग्रामीणों ने बताया कि रात के अंधेरे में रेत का खेल चलता है। करेली बड़ी महानदी से रेत लाई जाती है। इसके बाद डंप कर उन्हें हाइवा वाहनों में लोडिंग की जाती है। इस तरह अवैध रेत कारोबार से रेत माफिया फलफूल रहे हैं। खनिज अधिकारी कार्रवाई के लिए नहीं आते हैं। महानदी में शाम 6 बजे से ही रेत उत्खनन शुरू हो जाता है,जो रात तक चलता है। अवैध तरीके से पैसे कमाने के चक्कर में रेत माफिया रात- रात तक जागकर काम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हरदी, करेली बड़ी से आने वाली गाड़ियों से भरकर रेत आती है जो खनिज विभाग के बिना परमिशन वाले खेतों में डंप किया जाता है। करेली बड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि महानदी की खुदाई लगातार हो रही है। बाढ़ आने से समस्या बढ़ सकती है। पंचायत की बैठक में पंचों ने अवैध रेत उत्खनन का मामला उठाया था।

## खराब नेटवर्क से उपभोक्ता परेशान

**नगरी।** नगरी ब्लाक के अधिकतर गांवों के लोगों को आज भी मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। गट्टासिल्ली क्षेत्र के गट्टासिल्ली व करैहा में एक मोबाइल का टावर लगाया गया है पर वह दिन में कई बार बंद हो जाता है व उसका रेंज भी बहुत कम है। इससे गांवों के लोगों को आनलाइन संबंधित कार्यों के लिए ब्लाक मुख्यालय नगरी तक सफ़र करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी किसी इमरजेंसी सेवा जैसे 108 या 102 पर काल करने पर होती है। नेटवर्क समय पर नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है जिससे उसका लाभ भी नहीं मिलता। प्राइवेट गाड़ी से मरीजों को नगरी या धमतरी अस्पताल पहुंचाया जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी गट्टासिल्ली, सराईटोला, जोराडबरी, तालापारा, बूढ़ा पारा, कुम्हड़ा कोट, करैहा, आमदी, सांकरा, चिवर्री, खैरभर्री, गोंदलानाला, सारंगपुरी के ग्रामीणों को होती है। ग्रामीण संजय शांडिल्य, दीनू लहरे, ननकूदास मानिकपुरी, दिनेश नेताम, बंशीलाल शोरी, चन्द्रभान साहू ने कंपनी से समस्या को दुरुस्त करने की मांग की है।

# सिवनीकला में मनाई गई कबीर जयंती



**हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री**

ग्राम सिवनीकला में कबीर पारख सत्संग समिति के तत्वावधान में कबीर जयंती मनाई गई। ग्रामीणों ने कबीर के संदेश को लेकर गांव में रैली भी निकाली। विचार साहेब, विजय साहेब, अनुकरण साहेब, अनिल साहेब और अन्य संतों के प्रवचन का लाभ ग्रामीणों ने लिया।

मौके पर राजकुमार साहू, निरंजन साहू, वेदप्रकाश, टेकराम साहू, गिरीश साहू, श्रवण साहू समेत सत्संग समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे।

# कृत्रिम अंग, ट्राईसाइकिल, बैसाखी पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिले

- सांकरा में लगा निदान शिविर, 391 दिव्यांगजनों को मिला लाभ
- प्रभारी मंत्री ने टिन शेड, महतारी सदन निर्माण की घोषणा की

**हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा**







दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग, कैलीपर्स, सहायक उपकरण, मापन, वितरण के लिए निदान कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग धमतरी एवं भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति जयपुर द्वारा ग्राम पंचायत सांकरा में दो दिन किया गया। शिविर का उद्घाटन जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, सरपंच शशि ध्रुव, संस्था के प्रमुख नारायण व्यास ने किया।

सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि इस कार्यक्रम में ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कृत्रिम अंग प्रदान किया गया है। कृत्रिम पैर, हाथ कैलीपर्स 46 लोगों को, ट्राईसाईकिल 71 लोगों, व्हीलचेयर 41 लोगों, श्रवण यंत्र 126 लोगों को प्रदान किया गया। अन्य सामान 107 लोगों को प्रदान किया गया। इस निदान शिविर में 391 दिव्यांगों को लाभ मिला। शिविर में आये दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

अश्वनी कुमार नवागांव कसपुर निवासी के हाथ बचपन से नहीं थे। इस निदान शिविर में उनका हाथ लगाया गया और उनके हाथ लगते ही उनके चेहरे पर खुशी देखी गई और वह अपना नाम उसी हाथ से एक डिब्बे के ऊपर लिखकर दिखाया। इस कृत्रिम हाथ से पानी पीकर दिखाया। ग्राम सांकरा निवासी पीलूराम साहू का एक पैर नहीं था। इस शिविर में उसका कृत्रिम पैर लगाया गया। उसके बाद पीलूराम साहू बिना बैसाखी से चलने फिरने लगा। शिविर में देवीराम पिता पुनीत राम ग्राम रतावा, राधेश्याम पिता इतवारी ग्राम कट्टी गांवा लक्षण पिता हरिराम ग्राम ठेनही, झमन सिंह पिता धरम सिंह ग्राम ठेन्ही, हिन्छाकुमार पिता शत्रुघ्न ग्राम राजपुर, संजय साहू पिता नारद ग्राम नगरी, अखिलेश साहू पिता भारत साहू ग्राम गोरेगांव के अलावा विभिन्न लोगों को ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र दिया गया। जो व्यक्ति चलने फिरने में या हाथ से कुछ काम करने में असमर्थ थे। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उनके हाथ पैर के आकार में ढांचा तैयार कर उनको कृत्रिम अंग प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर टंकराम वर्मा जिला प्रभारी मंत्री शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मानस भवन सांकरा के सामने 15 लाख रुपए से टिन शेड, माताओं के लिए महतारी सदन निर्माण की घोषणा की। उन्होंने सांकरा को नगर पंचायत बनाने के लिए प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की बात कही ताकि सांकरा का समुचित विकास हो।

मौके पर पूर्व विधायक पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, दिनेश्वरी ध्रुव जनपद अध्यक्ष नगरी, सुलोचना साहू जनपद सदस्य नगरी, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, पारस कुमार साहू उपसरपंच, मदन सचिव सांकरा, बलराम सिंह ठाकुर, फुलेश्वरी साहू, जया साहू, रामबाई साहू, डिगेश्वर सिन्हा समेत दिव्यांगजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जलस्तर को बढ़ाने वर्षा के पानी का करें संरक्षण : नीतू साहू

# शिविर में 75 लोगों के सिकलसेल की जांच हुई






**हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड**

स्वास्थ्य विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के समन्वय से विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा, करेलीबड़ी, हसदा भेंडरी, सिंगपुर के साथ साथ विकासखंड मगरलोड के समस्त उपस्वास्थ्य केंद्रों में सिकलसेल एनीमिया जागरूकता, जांच एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विश्व सिकलसेल दिवस के साथ-साथ जलजगार कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी अध्यक्ष श्रीमती नीतू खिलावन साहू थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी मगरलोड ने की। बीएमओ ने बताया कि पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्तकण हंसिए के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। ये रक्तकण शरीर की छोटी रक्तवाहिनी में फंसकर लीवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि 0 से 40 वर्ष के सभी व्यक्ति को सिकलसेल जांच कराना अनिवार्य है। सिकल सेल जागरूकता से भविष्य में सिकल सेल से पीड़ित व्यक्तियों में कमी आएगी। जलजगार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षा के पानी को संरक्षित कर जल स्तर बढ़ाया जा सकता है। सभी पौधारोपण करें। प्रकृति को बचाएं। शिविर में 75 लोगों के सिकलसेल की जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम मनोज पटेल ने किया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड के बीडीएम प्रमोद मनहरे, अश्वनी एनसीडी सलाहकार, गीतांजलि, चम्पेश्वर डीईओ, बीईटीओ लीलाराम नागेश, तरुण साहू लैब टेक्नीशियन, हुनेंद्र साहू आरएमए, आदिम जाति कल्याण विभाग से ज्ञानेश्वर साहू मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### योग दिवस पर भाजपाइयों ने किया योगाभ्यास



**अंवरी।** भाजपा भखारा मंडल की ओर से नपं भखारा में योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य एवं आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के बसंत बैस एवं हिरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में भाजपा नेताओं एवं कायकर्ताओं ने योगासन किया। इस अवसर पर आनंद यदु मंडल अध्यक्ष, प्रभारी रामस्वरूप साहू, हरख जैन, नपं उपाध्यक्ष दुलेश्वर साहू, विष्णु साहू, छत्रपाल बैस, रोशन केला, डा. मुरलीधर साहू, रामकृष्ण नेताम, गिरिराज सोन, युवराज सोन, पुनीत राम साहू मौजूद थे।

### छात्रों, शिक्षकों ने किया योग



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय रामपुर में इस वर्ष भी योग दिवस कार्यक्रम हुआ। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्रों ने भाग लिया। शिक्षक भेसज एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू ने योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम में रामपुर सरपंच, पंचगण, जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने हिस्सा लिया।

### संकरी स्कूल में बच्चों और ग्रामीणों ने किया योग



**सिर्री।** प्राथमिक शाला संकरी में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बच्चों को योग और प्राणायाम कराया गया। छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणजनों ने योग के महत्व को समझते हुए योग और प्राणायाम किया। मौके पर योग शिक्षक रामेश्वर साहू, राजेश बांधे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**न्यायालय नजूल तहसीलदार के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202406132100018/224**
**विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः-2023-2024**

धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - आनंद कुमार निषाद,
अनावेदक पक्षकार - आम जनता,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक आनंद कुमार निषाद पिता स्व. बिहारी निषाद, निवासी बठेना वार्ड धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी द्वारा मोहल्ला बठेना वार्ड धमतरी स्थित भूमि नजूल भू-खण्ड क्रमांक 38/71/1, क्षेत्रफल 200 वर्गफीट जो पट्टाधारी बिहारी आ. नंदू केंवट, जानकीबाई पत्नि बिहारी के नाम पर पट्टा अभिलेख में दर्ज व स्थित है। उक्त वर्णित भू-खण्ड के पट्टाधारी बिहारी की मृत्यु दिनांक 15/05/2006 को हो चुका है एवं उनके पुत्र उमेन्द्र की भी मृत्यु दिनांक 10/02/2013 को हो चुका है। अतः उक्त आवेदित भू-खण्ड से मृत पट्टाधारी बिहारी का नाम पट्टा अभिलेख से विलोपित कर उनके वैध वारिसान आनंद कुमार, धर्मेन्द्र, चंदाबाई पिता बिहारी, परेश पिता उमेन्द्र, उमाबाई पति उमेन्द्र के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने एवं सह पट्टाधारी जानकीबाई पति बिहारी का नाम यथावत रखे जाने हेतु मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदित भूखंड से मृत पट्टाधारी बिहारी का नाम पट्टा अभिलेख से विलोपित कर उनके वैध वारिसान आनंद कुमार, धर्मेन्द्र, चंदाबाई पिता बिहारी, परेश पिता उमेन्द्र, उमाबाई पति उमेन्द्र के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने एवं सह पट्टाधारी जानकीबाई पति बिहारी का नाम यथावत रखे जाने पर किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था को किसी भी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो दिनांक 27/06/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपके द्वारा प्रस्तुत दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता है।

KUSUM PRADHAN
नजूल तहसीलदार
धमतरी(छ.ग.)

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार घनश्याम दास नोतवानी पिता संतराम दास नोतवानी निवासी धमतरी तह. व जिला धमतरी द्वारा शहर धमतरी बस्तर रोड धमतरी प.ह.नं. 33 तह. व जिला धमतरी में स्थित दुकान क्रमांक 12 जो कि दीपक गंगवानी पिता श्यामलाल गंगवानी निवासी सिहावा रोड जालमपुर वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी के स्वत्व एवं धारण का है को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि अदा कर दिया है पंजीयन कार्यवाही शेष है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/शासकीय एवं अर्धशासकीय बैंक/विभाग को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 15 दिन के अंदर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्ति शून्य माना जावेगा। तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि का पंजीयन करवा लेगा।

भवदीय
तल्लीन पुरी गोस्वामी
अधिवक्ता धमतरी

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# योग हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा की अमूल्य देन



**कोर्रा (भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में प्राचार्य बी. पदमा बघेल के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योगसत्र का आरंभ वंदना प्रार्थना से हुआ इसके पश्चात सूक्ष्म यौगिक व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, भूजंगासन,शवासन कपाल भांति, अनुलोम-विलोम का अभ्यास किया गया। ध्यान, संकल्प व शांति पाठ के साथ योगसत्र का समापन हुआ। सरपंच ताराबाई लौंदे ने योग को जीवनशैली में अपनाने के लिए लोगों से आह्वान किया।

■ सिलौटी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

प्राचार्य बी.पदमा ने कहा कि योग हमारी प्राचीन भारतीय परम्परा की अमूल्य देन है। योग शरीर एवं मन, विचार एवं कर्म, आत्म संयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव व प्रकृति के बीच सामंजस्य प्रदान करता है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता लाता है। योगासन का अभ्यास राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संतोष कुमार जैन के मार्गदर्शन में हुआ। इस आयोजन में नेमसिंह सिन्हा, रामनाथ साहू, चन्द्रवती साहू, अनुज साहू, जेएन सोनवानी, सीपी साहू, वायके सेन, एनआर साहू, आरके साहू, डीपी गोस्वामी, एनके साहू, एचके साहू, पी. धनकर, भोजराम साहू तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# योग एक अच्छे दोस्त की तरह : मीनेश्वरी

**अंवरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम भैंसबोड़ के अमृत सरोवर में योग कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में सरपंच श्रीमती मीनेश्वरी साहू समेत ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मीनेश्वरी साहू ने कहा कि योग सभी के लिए एक अच्छे दोस्त की तरह है, जो उनके शरीर, दिमाग और भावनाओं के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। यह शारीरिक शक्ति, सहनशक्ति और ऊर्जा का निर्माण करने में मदद करता है, साथ ही बढ़ती एकाग्रता, शांति और संतुष्टि जैसे मानसिक लाभ भी लाता है। इससे अंदर और बाहर संतुलन बनता है। योग रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव से निपटने का एक साधन बन गया है। हामिद पटेला तकनीकी सहायक जनपद पंचायत कुरुद ने योग को शरीर के लिए एक स्थिरता प्रदान करने वाला और कभी-कभी व्यस्त मन के लिए एक शांत प्रभावक के रूप में भी कार्य करने वाला बताया। यह जोड़ों और अंगों जैसी अंदरूनी चीजों की भी देखभाल करता है, हर चीज को अच्छी तरह से रखता है। डाकेश्वर साहू रोजगार सहायक ने कहा कि नियमित रूप से योग का अभ्यास करने से किसी के भी जीवन पर सकारात्मक, स्थायी प्रभाव पड़ सकता है।

■ भैंसबोड़ के ग्रामीणों ने अमृत सरोवर में किया योग



वास्तव में योग स्वस्थ, तनावमुक्त और अनुशासित जीवन जीने की एक शैली है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर रविकुमार साहू ने एक चित्र भी बनाया। मौके पर दिलीप साहू सरपंच प्रतिनिधि, जगजीवन तारक पंच, नीतू साहू पंच, रेवती बाई पंच, धनंजय तारक, पुरुषोत्तम, रविकुमार, कुम्भकरण, लक्ष्मीनारायण, नरेशू धीवर, डुमेश्वरी, जागेश्वरी, लीलेश्वरी, प्रमिला, चमेली, खोमेश्वरी, तनूजा, खिलेश्वरी उपस्थित थे।

# नगरवासियों ने मंगल भवन में किया योग



**कुरुद।** नगर पंचायत कुरूद द्वारा मंगल भवन परिसर पुराना बाजार चौक कुरूद में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। स्वच्छ मन के साथ स्वच्छ नगर के महत्त्व को बढ़ावा देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अनुविभागीय अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, स्वसहायता समूह की महिलाएं, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एव अन्य उपस्थित थे।

# योग एक कसरत नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका है

**कुरुद।** विकासखंड कुरूद के शासकीय माध्यमिक शाला कातलबोड़ में शिक्षक हेमंत कौशल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अलग-अलग प्रकार के योग व आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाने, फेफड़ों व मस्तिष्क में ऑक्सीजन की आपूर्ति को बढ़ाने, कमर दर्द ,पेट दर्द, हाथ-पैर दर्द को दूर करने वाले आसनों के लाभ के बारे में बताया गया। औषधालय द्वारा अंकुरित अनाज व आयुष काढ़ा का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानपाठक महेंद्र कुमार साहू, डीपी, तेजनलाल साहू पूर्व सरपंच, डॉ खिलेश साहू, तुंगेश साहू, रागनी सेन, नरेंद्र कंवर व स्कूल के छात्र-छात्राओं ने योगाभ्यास किया।



## धनसिंग बने ग्राम समिति के अध्यक्ष

**नगरी।** ग्राम आमली में ग्राम समिति की बैठक हुई। ग्राम में अनेक प्रकार के काम को पूरा करने के लिए ग्राम समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से धनसिंग साहू को अध्यक्ष बनाया गया। प्रेमलाल निषाद उपाध्यक्ष, सचिव दीनदयाल सेन, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल साव बनाए गए। ग्राम पटेल हरचंद साहू, सरपंच संतोष कश्यप, अमर सिंह ध्रुव, रामसिंग साहू, रामदयाल साहू, जनपद सदस्य मन्नू यादव, आनंद यादव, शेखर, धीरू, घनश्याम सहित अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। बैठक में गांव में रोका छेका के लिए चरवाहा को लाठी पकड़ाने का प्रस्ताव पारित किया गया।



# शरीर को फिट रखने किया योग

**नगरी।** विश्व योग दिवस पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रतावा में योग कार्यक्रम रखा गया। इस आयोजन में उमेश देव जनपद सदस्य नगरी, गिरिजा देव सरपंच रतावा, पुनीत सलाम अध्यक्ष शिक्षा समिति, श्री मरकाम प्रधानपाठक माध्यमिक शाला, प्रशिक्षक चंद्रप्रकाश कश्यप, विनोद मंडावी पंच, विजय सलाम, शंकर नेताम, मुकेश नागवंशी समेत शाला के बच्चे उपस्थित थे।



# बच्चों ने उत्साह के साथ किया योग



**जीजामगांव।** शासकीय माध्यमिक बालक विद्यालय सेमरा बी में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्योंएवं शिक्षाविदों ने योगाभ्यास किया। पाठ्यक्रम में योगा अध्याय जुड़ने से सभी बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। करो योग, रहो निरोग की थिम पर ग्रामवासियों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हलिमा बेगम अध्यक्ष, बाबलाल निर्मलकर शिक्षाविद, मोतिम साहू प्रधा पाठक, महेंद्र साहू शिक्षक, पुरुषोत्तम लाल सेन शिक्षक, डगेश्वर प्रसाद साहूशिक्षक समेत विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों ने किए विभिन्न आसन और प्राणायाम

■ सिवनीकला की गौशाला में मनाया गया मंडल स्तरीय योग दिवस

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला के सागर गौ सेवा केंद्र में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में सिर्री मंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक पुरुषोत्तम चंद्राकर व डॉली यादव ने लोगों को योगाभ्यास कराया।

भानु चंद्राकर सिर्री मंडल प्रभारी, सेक्टर प्रभारी टिकेश्वर चंद्राकर, गौकरण साहू विधायक प्रतिनिधि, थानेश्वर तारक कार्यक्रम प्रभारी, डॉ. लोकेश साहू जनपद सदस्य, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, केवल चंद्राकर समेत गांव के लगभग 70 लोगों ने प्राणायाम एवं योग किया। जनप्रतिनिधियों ने योग से होने वाले विभिन्न फायदे बताए।



योग करके निरोग रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सुशील साहू, विक्रम साहू, सुरेश तारक, टेकराम साहू, खिलावन चंद्राकर, चंद्रप्रकाश साहू, मिनी निर्मलकर, कपिल देव पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, भूपेंद्र पटेल, द्वारिका पटेल, ललित पटेल, बालाराम पटेल, सुरेश साहू, शीतल साहू, नेकराम साहू, तृप्ति पटेल, लता पटेल, हुलसिया, धनेश्वरी, वेनक, तारिणी, खुशी तारक, तेजेश्वनी समेत अन्य ग्रामीणों ने योग योग किया।

# योग को अपनाकर जीवन में लाएं निखार : दयाराम

**धमतरी।** योग दिवस के अवसर पर साहू समाज के प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू ने योगाभ्यास करते हुए समाज में देश के सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाने का आह्वान समाजजनों से किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि वर्तमान में व्यक्ति अनियमित दिनचर्या के कारण बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। हम योग को अपनाकर मन को शुद्ध और तन को स्वस्थ बनाकर जीवन में निखार ला सकते हैं।



# योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

**धमतरी।** केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य गिरीश बाबू कुस्तवार के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में विद्यालय के पूर्व छात्र किशन कुमार गोस्वामी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य ने बच्चों एवं शिक्षकों को योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त श्रीमती निधि पांडे के संदेश का वाचन किया। ईशान गोस्वामी ने विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणायाम करने की विधि शिक्षकों एवं बच्चों को बताते हुए उनके लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि न केवल शरीर को निरोग रखने के लिए बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम होने के लिए योग एवं प्राणायाम आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार कोसरिया ने किया। आभार व्यक्त खेल शिक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर कला शिक्षक योगेश नेम के मार्गदर्शन में बच्चों के बीच स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। मौके पर पीएल साहू, अमिता मैथ्यू, एसके गिरी, कमलप्रीत कौर, सुरेश देवांगन, रीमन लाल, हरेंद्र साहू, डीआर साहू सहित स्कूल स्टाफ एवं लगभग ढाई सौ बच्चे उपस्थित थे।





# जिला जेल में हुआ योग दिवस का आयोजन



**धमतरी।** माननीय छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा तैयार कार्य योजना के निर्देशानुसार एवं केएल चरयाणी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला जेल में योग दिवस मनाया गया। इस बार योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग दिया गया है।

इस अवसर पर जिला न्यायालय धमतरी के साथ तालुका विधिक सेवा समिति कुरूद एवं नगरी एवं जिला जेल धमतरी में भी योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय धमतरी, तालुका विधिक सेवा समिति कुरूद एवं नगरी तथा जिला जेल में आयोजित योग कार्यक्रम के अवसर पर न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा के सभी 12 मंडलों में आर्ट ऑफ लिविंग ने करवाया योगाभ्यास

**धमतरी।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा भाजपा के समस्त 12 मंडलों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। संस्था की जिला समन्वयक व प्रशिक्षक सुमिता पंजवानी ने बताया कि भाजपा के प्रदेश नेतृत्व व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुए समझौते के तहत प्रदेश के 400 से अधिक भाजपा मंडलों पर संस्था द्वारा योग दिवस पर योग कराया गया। जिले के सभी 12 मंडलों में सुमिता पंजवानी, कोमल प्रसाद व मोहन साहू, आमदी में निखिल अग्रवाल, भोथली में महेंद्र मानिकपुरी, कुरुद में तामेश्वर साहू, मेघा में भेमा साहू व अमृत, सिर्री में पुरुषोत्तम चंद्राकर व डाली यादव, नगरी में रमाकांत सरोज, गंगरेल में विशाल पमपावर, कुकरेल में परमानंद साहू, मगर लोड में उमाशंकर व जय, बेलरगांव में नीलमणि साहू, भखारा में हिरेंद्र साहू व बसंत बैस द्वारा योग कराया गया।



इस आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष धमतरी विजय साहू, आमदी मंडल मुरारी यदु, गंगरेल मंडल उमेश साहू, कुकरेल मंडल वामन साहू, कुरुद मंडल कुलेश्वर चंद्राकर, भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, बेलरगांव मंडल अकबर कश्यप, नगरी मंडल मोहन नाहटा, भखारा मंडल आनंद साहू, मगरलोड मंडल विजय यदु, सिर्री मंडल पुष्पेंद्र साहू, मेघा मंडल में होरीलाल साहू का विशेष योगदान रहा।

## जोरातराई स्कूल में योग दिवस मना



**कुरुद।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जोरातराई के संयुक्त तत्वावधान में 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलित सविता चोवाराम गंजीर सरपंच एवं दयालुराम साहू प्राचार्य ने किया। इस आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मौके पर सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# प्राणायाम, मुद्रा, योग निद्रा का किया अभ्यास





**बगदेही।** डीजी ट्रेनिंग अकादमी कोर्रा के तत्वावधान में स्कूल ग्राउंड कोर्रा में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगाचार्य मुकेश सोनकर, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, शिक्षक गजेंद्र साहू, तेजेस टंडन व्यायाम शिक्षक, श्री भूआर्य, हेमंत, रेखराम, भीष्म साहू थे। अध्यक्षता अकादमी के संरक्षक रामकुमार साहू, निलेश साहू आर्मी मैन ने की। योगाचार्य श्री सोनकर ने वंदना के साथ योग दिवस प्रारंभ किया। इसके बाद बैठने वाले योग, खड़े होकर करने वाले योग, प्राणायाम, मुद्रा, योग निद्रा का अभ्यास करवाया।

योग कार्यक्रम में अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू, प्रशिक्षक देवेन्द्र साहू, अकादमी के सदस्य देवेश सेन, समीर, वरुण, करण, साहेब, छाया, नौमिका, कुसुम, गीतांजलि, नेहा, विभा, डलेश समेत अनेक उपस्थित थे। योगाचार्य को शील्ड एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शान्तिपाठ और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अकादमी के संस्थापक गुलशन साहू ने आभार व्यक्त किया।

# खुद को खुद से मिलने का मौका देता है योग



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी धमतरी शहर मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सोनकर समाज भवन रामबाग प्रांगण में योग शिविर का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकगण श्रीमती सुमीता पंजवानी, कोमल थवाईत द्वारा दिया। शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय साहू, श्रीमती अर्चना चौबे, धनीराम सोनकर, अखिलेश सोनकर, चंद्रकला पटेल, अनीता सोनकर, कैलाश सोनकर, डीपेंद्र साहू, देवेश अग्रवाल, रितिका यादव, कमलेश कोसरिया, लेखराम नेताम, मदन साहू, नील पटेल, नीरज जगताप, रूपा नागदेव, रूक्मणि सोनकर, दिलीप साहू, संतोष, कोमल साहू, तरुण रवि साहू, प्रेमू साहू ने योग का लाभ लिया। इस अवसर पर अखिलेश सोनकर ने कहा कि योग सिर्फ कई तरह के आसन का नाम नहीं है। इसका अर्थ होता है जुड़ना। योग मन, मस्तिष्क और शरीर को तंदरुस्त रखने का एक सशक्त माध्यम है।

# मगरलोड स्कूल में मनाया गया योग दिवस



**मगरलोड।** दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में हेमंत रजक एवं प्रवेश सिंह ठाकुर ने योगाभ्यास करवाया। योग प्रारंभ से पूर्व शिथलीकरण अभ्यास ग्रीवा चालन, कटि चालन, घुटना संचालन किया। खड़े होकर किये जाने वाले आसान ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्धचाक्रासन, त्रिकोणासन उसके बाद बैठकर किए जाने वाले आसन अर्धचक्रासन, वक्रासन, भुजंगासन, सेतुबंध आसन, शवासन करने बाद प्राणायाम अनुलोम विलोम, भ्रामरी और फिर शांति पाठ किया। इस दौरान प्राचार्य हेमंत दृढाकर ने कहा कि योग करने से मन और शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। आजीवन निरोगी जीवन जीया जा सकता है। सभी को अपने जीवन में कुछ समय निकालकर योग जरूर करना चाहिए।

मौके पर विरेंद्र साहू, पनेश सेन, लोकेश्वरनाथ साहू, रामेश्वर साहू, डॉ गजरतन साहू, भोजपाल साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, विकास कंवर, गीतांजलि साहू, शकुंतला साहू, रूपेश्वरी साहू, रूपा साहू, दिनेश साहू, यादराम कंवर, चन्द्रिका ठाकुर, विकास बंजारे, मुकेश पटेल, मोलेश, नेपाल, भोला, कुमलेश समेत विद्यार्थीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### आगामी चुनाव में एक परिवार से एक-एक महिला पुरुष करेंगे मतदान

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक रविवार को जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में हुई। बैठक की शुरुआत भगवान रामचंद्र, भक्त गुहा निषादराज के छायाचित्र में पूजा-अर्चना से हुई। आगामी जिला निषाद समाज चुनाव में पाली परिक्षेत्र के एक परिवार से एक-एक महिला पुरुष को मतदान करने, जनसंख्या मतदाता फार्म जिला कार्यालय में जमा करने पर चर्चा की गई। बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निपटारा हुआ। मौके पर पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, महासचिव नील कुमार निषाद, कोषाध्यक्ष परमा निषाद, सहसचिव राजू निषाद, मनराखन निषाद, शंभू निषाद, सागर निषाद, दिलदार निषाद, उधो निषाद, मधु निषाद, प्रकाश निषाद, पीलूराम, कृष्णा निषाद, रामगुलाल, शत्रुघन निषाद ,फागू राम, उमाशंकर निषाद, खुमान निषाद, लखन लाल, मन्नूराम, राकेश निषाद, गीतराम, टोमन निषाद, संतोष निषाद, मेहतरू निषाद, बंधुराम मौजूद थे।

### वृद्धाश्रम में मनाया गया पितृ दिवस

**धमतरी।** छग महतारी महिला एसोसिएशन की महिलाओं द्वारा रूद्री स्थित वृद्धाश्रम में पितृ दिवस मनाया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को शाल, श्रीफल, जूस व बिस्किट भेंटकर सम्मान किया गयगा। इस दौरान एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष मोहिनी साहू, समीमा अंजुम, भावना मरकाम, श्वेता ठाकुर, मालती देवी, क्षमा गुप्ता, महक पिंजानी, हर्षिता पिंजानी, मोनिका पिंजानी, काव्या आहूजा, प्रिया, रंजना वाधवानी, भारती लालवानी, अंजु कलवानी, महेश साहू, शेख सोहेल सहित वृद्धाश्रम के स्टाफ उपस्थित थे।

हरदिहा साहू समाज भवन में हुआ जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम

# लोगों की स्वस्फूर्त भागीदारी से दिखी योग की बढ़ती लोकप्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने सैकड़ों लोगों के साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का सुझाव दिया था, परिणामस्वरूप पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग के मामले में आज हमारा देश शुरू से ही विश्व गुरू रहा है।

योग से शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है। उन्होंने आव्हान किया कि योग को अपनी जीवन शैली में शामिल करें और स्वस्थ रहे-मस्त रहें। गौरतलब है कि स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू सहित कलेक्टर नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वैष्णव समेत अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

**योग से शारीरिक एवं मानसिक शांति मिलती है : टंकराम वर्मा**






**आसनों और प्राणायाम का किया अभ्यास**

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा 1 घंटे के अभ्यास सेशन में विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिथलीकरण अभ्यास पश्चात स्कंध संचालन, कटि और घुटना संचालन के पश्चात योगाभ्यास शुरू हुआ। ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, व्रकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन का अभ्यास करवाया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने योग की मुद्रा और उसके स्वास्थ्यगत लाभों के बारे में जानकारी दी।

**• आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण**



कार्यक्रम के दौरान यहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया था। जहां बीपी, शुगर जांच के साथ दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य लाभ हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा का वितरण भी किया गया।

**• जल संरक्षण का दिया संदेश**

जिले में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अतिथियों ने जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु संचालित किये जा रहे जल जगार अभियान के तहत कलश में जल प्रवाहित कर जल संरक्षण का संदेश दिया। बताया गया कि बड़ा कलश हमारी पृथ्वी का प्रतीक है और छोटे-छोटे अन्य कलश हमारे जलस्त्रोत हैं जिनके माध्यम से हम पृथ्वी में जल प्रवाहित कर जल संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।



**बच्चों ने योग मुद्राओं का किया प्रदर्शन**

कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा संचालित योग प्रशिक्षण केन्द्र के बच्चों ने विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा कठिन योग मुद्राओं का भी मोहक प्रदर्शन किया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं श्रवण बाधितार्थ स्कूल की छात्राओं द्वारा मंत्री श्री वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।




## केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से प्रीतेश ने की सौजन्य भेंट



**धमतरी।** मानव संसाधन एवं विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से दिल्ली निवास में प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ ने भेंटकर छत्तीसगढ़ का पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट किया एवं मोदी 3 .0 कैबिनेट में मंत्री बनने पर खुशी जाहिर की।

**छत्तीसगढ़ का पारंपरिक अंगवस्त्र भेंट किया**

## दो एएसआई सहित 19 आरक्षकों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के विभिन्न थानों में पदस्थ दो एएसआई व 19 आरक्षकों का एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने तबादला किया है।

पुलिस कार्यालय से जारी तबादला सूची के अनुसार नगरी थाना में पदस्थ एएसआई लालसिंह साहू का स्थानांतरण सिटी कोतवाली हुआ था जिसे जारी तबादला सूची में संशोधित कर यथावत नगरी थाना में ही पदस्थ रखा गया है। लक्ष्मीनाथ निर्मलकर को सिहावा से रक्षित केंद्र भेजा गया है। इसी तरह प्रधानआरक्षक रामाधार कोर्राम को मेचका थाना व मनाराम चंद्रवंशी को बोराई थाना भेजा गया। आरक्षक बोधनसिंह निषाद मगरलोड, भीमसेन साहू रक्षित केंद्र, महिला आरक्षक अमृतासिंह सेंगर सिटी कोतवाली, ज्योति खुंटे बिरेझर, पुष्पा नेताम अर्जुनी, कमलेश नेताम, अजय नेताम सिहावा, अश्वनी कुमार कुरूद, राजेश बंजारे कुरूद, शिवा यादव अर्जुनी, विनोद मरकाम थाना नगरी डीआरजी, संतराम ठाकुर डीआरजी नगरी, सूरज नेताम कुरूद, सत्यनारायण निषाद डीआरजी नगरी, महेंद्रप्रताप सोरी डीआरजी नगरी, हेमंत सिन्हा कुरूद व नितेंद्र पांडेय को रूद्री थाना में पदस्थ किया गया है। आगामी आदेश तक नवीन पदस्थापना स्थल पर पदस्थ रहेंगे।

■ पुलिस विभाग में हुआ फेरबदल




## परसराम की मौत संदेहास्पद, गोंड़ समाज ने गिरफ्तारी की मांग की

**कुरूद।** ग्राम अटंग निवासी परसराम ध्रुव पिता शोभितराम ध्रुव की मौत को उनके परिजनों और गोंड़ समाज तहसील कुरुद ने हत्या की आशंका जताते हुए शराब कोचिए की अतिशीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस हत्या का मर्ग कायम कर अवैध शराब बेचने वाले को गिरफ्तार करें, यदि तत्काल गिरफ्तार नहीं की जाती तो एक सप्ताह के अंदर गोंड़ समाज तहसील कुरुद उग्र आंदोलन करने विवश होगा। आगे कहा है कि उन्हें किसी समाज से ईर्ष्या नहीं है, बल्कि जिस शराब कोचिए ने इस घटना को अंजाम दिया है वह दोषी है। उसे पुलिस अति शीघ्र गिरफ्तार करें। पुलिस यदि हीलाहवाला करती है तो समाज उग्र आंदोलन करेगा। गिरफ्तारी की मांग करने वालों में प्रमुख रूप से गोंड़ समाज कुरूद तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर, संतोष सोरी धमतरी जिला संगठन सचिव, कुरूद पाली अध्यक्ष लाकेश्वर नेताम, कार्यकारिणी अध्यक्ष तेजराम छेदैया, पाली अध्यक्ष बोधन छैदया, राधेश्याम मांडवी पाली अध्यक्ष, पोखराज नेताम परिक्षेत्र सचिव, भूपेंद्र नेताम पूर्व तहसील अध्यक्ष, कुलंजन सिंह मांडवी पूर्व तहसील अध्यक्ष, संजय नेताम संगठन सचिव, बीरबल कुंजाम परिक्षेत्र सचिव,हरिश्चंद्र मंडावी पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष, बसंत ध्रुव, झागेश्वर ध्रुव, घनश्याम कुंजाम, शिवदयाल नेताम तहसील उपाध्यक्ष सहित गोंड़ समाज के दर्जनभर से अधिक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## सिविल अस्पताल कुरूद की स्वास्थ्य सुविधाओं का किया मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सिविल अस्पताल कुरूद को नेशनल क्वालिटी एसयुरेंस स्टैंडर्ड सर्टिफिकेशन के लिए चिन्हांकित किया गया है। एनक्यूएएस अंतर्गत केंद्रीय मूल्यांकन दल के निरीक्षण पूर्व जिला राज्य स्तरीय गठित मूल्यांकन टीम ने चेक लिस्ट के आधार पर सिविल अस्पताल कुरूद में चल रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं की गुणवत्ता का आंतरिक मूल्यांकन किया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके मण्डल के मार्गदर्शन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू.एस.नवरत्न तथा विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक रोहित पाण्डेय के संरक्षण में सिविल अस्पताल कुरूद के 10 विभागों की चेकलिस्ट के आधार पर कार्ययोजना, पॉलिसी एवं एस.ओ.पी. संस्था के अधिकारी-कर्मचारियों के सहयोग से तैयार कर पूर्ण किया गया है, जिसका मूल्यांकन एनक्यूएएस अंतर्गत केंद्रीय मूल्यांकन दल डॉ. रूप कुमार बोया, डॉ. सौम्य मंडल, डॉ. आंनद द्वारा 22 जून तक किया जायेगा।

इस मूल्यांकन में 10 विभाग एवं विभाग नोडल अधिकारी जनरल ओपीडी डॉ. हेमराज देवांगन मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ.असवन कुमार ठाकुर दंत चिकित्सा अधिकारी, आईपीडी डॉ. हेमराज देवांगन मेडिसिन विशेषज्ञ, प्रसव कक्ष एवं आपरेशन कक्ष डॉ.शीलारानी देवांगन चिकित्सा अधिकारी, एनबीएसयू एवं पेडियाट्रिक डॉ.जेपी दीवान चिकित्सा अधिकारी, ब्लड स्टोरेज यूनिट एवं पैथालॉजी डॉ.बीके मरकाम चिकित्सा अधिकारी, सामन्य प्रशासन और फार्मेसी एवं स्टोर्स डॉ.यूएस नवरत्न खंड चिकित्सा अधिकारी, गोकुल साहू, कमलनारायण देवांगन जीवनदीप समिति सदस्य तथा संस्था के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**शिवाजी प्रभात शाखा में वक्ताओं ने शिवाजी के शौर्य का किया गुणगान**

नूतन स्कूल मराठापारा स्थित शिवाजी प्रभात शाखा में गुरूवार को छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह उत्सव में शामिल हिन्दू साम्राज्य दिवस, शिवाजी राज्याभिषेक दिवस भी एक है।

प्रातः 6 बजे शिवाजी प्रभात शाखा में सर्वप्रथम बाल और अन्य स्वयंसेवकों को योग व्यायाम का अभ्यास कराया गया। गणों को संपत करने के बाद अतिथियों द्वारा भारतमाता, डॉ.बलीराव हेडगेवार, गुरू गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात एकल गीत, अमृतवचन पश्चात कार्यक्रम के अतिथियों का परिचय कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र थे। अध्यक्षता राघोराव रणसिंह ने की। मुख्य वक्ता प्रांतीय महाविद्यालय प्रमुख राकेश साहू थे।





मुख्य वक्ता राकेश साहू ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छह उत्सव में से दूसरा उत्सव हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाने उपस्थित हुए हैं। हिन्दू शब्द के बारे में कुछ अल्पज्ञानी लोग इसे 80 या 100 वर्ष पहले ही प्रचलित मानते हैं लेकिन हम जानते हैं कि शिवाजी महाराज ने 400 साल पहले एक चौथाई भारत को मुगलों से मुक्त कराकर हिन्दू साम्राज्य की नींव रखी थी। इसलिए हम कह सकते हैं कि हिन्दू शब्द आज की नहीं बल्कि सनातनी शब्द है। हम हिन्दू साम्राज्य दिवस क्यों मनाते हैं। इसका कारण है। मुगलों के आक्रमण और लंबी गुलामी के पश्चात किसी हिन्दू राजा का राज्याभिषेक होना हमारे लिए गौरव की बात है। उस समय किसी हिन्दू का राजा होना हिन्दू समाज के लिए गर्व का विषय था। मोहम्मद बिन कासिम के बाद अन्य आक्रांता आए और देश को लूटकर ले गए। इस घटना की पुनरावृत्ति 400 वर्ष बाद फिर हुई। मोहम्मद गौरी आया और देश को लूटकर ले गया। लगभग 800 वर्षों की अवधि तक हिन्दू अपने को असहाय महसूस कर रहा था। जब शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ तब हिन्दुओं में हिम्मत और गौरव का भाव पैदा हुआ। शिवाजी महाराज ने स्वराज का बीज बोने का काम किया।

अध्यक्षता कर रहे राघोराव रणसिंह ने बताया कि शिवाजी ने लगभग 20 वर्ष तक निरंतर अपने शौर्य, साहस, धैर्य और रण कुशलता से अपने पिताजी द्वारा अर्जित एक छोटी सी जागीर को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में स्थापित कर लिया था। युद्ध के मैदान में अपने समस्त शत्रुओं को परास्त किया। शिवाजी ने अपनी शक्ति के बल पर अपने को दक्षिण क्षेत्र में स्वतंत्र शासक के रूप में स्थापित कर लिया था। इसके बाद ही उनका राज्याभिषेक कर छत्रपति की उपाधि दी गई। अतिथियों के उद्बोधन पश्चात भगवा ध्वज को प्रणाम कर प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रतापराव कृदत्त, विनोदराव रणसिंह, शाखा कार्यवाह राजू सोनकर, मुख्य शिक्षक राजकुमार पटेल, नितेश कुंभकार, योगेश साहू, धनेश्वर यादव, धनराज पटेल, उमेश सिंह बशिष्ट, चेतना रणसिंह, सोमेश कुंभकार, पवन, लक्ष्य पटेल सहित सैकड़ों बाल स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## भाजपा गंगरेल मंडल ने रूद्री स्टेडियम में योग दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू के नेतृत्व में ग्राम रुद्री के स्टेडियम में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 300 लोगों ने योग किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि योग भारत की पुरातन संस्कृति है जो आज पूरे विश्व को योग का ज्ञान दे रही है। योग के माध्यम से हम अपने शरीर व मन को स्वस्थ रखते हैं। आज तनाव भरे जीवन में 30 मिनट योग करके हम तनाव मुक्त हो सकते हैं। दुनिया के भीतर फैली हुई मानसिक अशांति को हम योग के ही माध्यम से दूर कर सकते हैं। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मोनिका देवांगन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्याम देवी साहू, जनपद सदस्य जागेंद्र साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी कीर्तन साहू, मंडल प्रभारी अजय गार्डिया, राहुल विश्वकर्मा, हितेंद्र साहू समेत अन्य मौजूद थे।



## सर्वर डाउन होने से छात्र-छात्राएं हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**कॉलेज में एडमिशन के लिए च्वाइस सेंटरों में आनलाइन फार्म भरने की प्रक्रिया शुरु**

विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देश के बाद जिले के सभी 9 कॉलेज में प्रथम वर्ष की कक्षाओं में एडमिशन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इस वर्ष भी कॉलेज में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन लेने का निर्देश जारी हुआ है। शहर के च्वाइस सेंटरों के माध्यम से आनलाइन आवेदन किया जा रहा है। एकसाथ सैकड़ों आवेदन देने के कारण पोर्टल पर भारी दबाव है। घंटेभर बाद सर्वर डाउन होने की शिकायत मिल रही है जिसकी वजह से छात्र छात्राओं को घंटों बैठना पड़ रहा है।

विदित हो कि जिले के कॉलेजों में एडमिशन के लिए 18 जून को विश्वविद्यालय का पोर्टल चालू हो गया है। पोर्टल खुलने के बाद रेग्युलर स्टडी के छात्र-छात्राएं एडमिशन के लिए आनलाइन आवेदन कर रहे हैं। जिले में शासकीय महाविद्यालयों की संख्या 9 है। जिसमें बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी, एनआरएम गर्ल्स कॉलेज धमतरी, नवीन कॉलेज आमदी, संत गुरु घासीदास पीजी कॉलेज कुरूद, शासकीय कॉलेज सिलौटी, महर्षि वेदव्यास कॉलेज भखारा, शासकीय कॉलेज मगरलोड, सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी, शासकीय कॉलेज कंडेल है। इन सभी कॉलेज में रेग्युलर सीट लगभग 4 हजार है, जबकि इस बार 12वीं में अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 8 हजार से अधिक हैं। जिसके कारण कटआफ बढ़ेगा, एडमिशन में प्रतिस्पर्धा रहेगी। जिले के पीजी कालेज में सबसे ज्यादा दबाव रहेगा। यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश के लिए इच्छुक रहते हैं। इसका प्रमुख कारण कॉलेज में सभी संकाय की उपलब्धता के अलावा विभिन्न सुविधाएं हैं।

**आनलाइन फार्म सब्मिट हुआ**

आनलाइन आवेदन करने पहुंचे मयंक चौहान, सुष्मिता साहू, शिरीन, रूपाली साहू ने बताया कि वे प्रथम पर्ष में एडमिशन लेने आवेदन कर रहे हैं। उनका पसंदीदा महाविद्यालय पीजी कॉलेज है। सर्वर डाउन के कारण दो तीन घंटे बैठना पड़ा। उनका फार्म सब्मिट हो गया। उनका 12वीं में अच्छा अंक आया है। उम्मीद है कि उनका एडमिशन पहली ही लिस्ट में हो जाएगा। प्रवेश के बाद वे रेग्युलर पढ़ाई करेंगे।

**सावधानी जरूरी - डा. श्रीदेवी चौबे**

पीजी कॉलेज की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे ने बताया कि कॉलेज में प्रवेश के लिए पोर्टल 18 जून से खुल गया है। आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है जिसके लिए सावधानी बहुत जरूरी है। आप्सन को ध्यान से भरना होता है। थोड़ी से त्रृटि परेशानी का कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि 26 जून को मेरिट बेस के आधार पर पहली लिस्ट चस्पा कर दी जाएगी। इसके बाद 1 जुलाई से कक्षाएं लगनी शुरु हो जाएगी। पहली लिस्ट के बाद दूसरी लिस्ट जल्द जारी कर दी जाएगी।

